# *News Paper Clipping Service*

## Amar Ujala

**Date- 03 Jan 2023,** **Page No. City Page 5**

mycity

न्यूज कैप्सूल

03/1/2023

### सुभारती के सात विद्यार्थियों का चयन



सुभारती विश्वविद्यालय के चयनित छात्र। संवाद

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विवि के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग द्वारा कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस मौके पर वेल्थ क्लीनिक प्राइवेट लिमिटेड ने छात्र-छात्राओं का साक्षात्कार के जरिए चयन किया। प्लेसमेंट डायरेक्टर अमित कुमार वर्मा ने कंपनी के अधिकारियों का स्वागत किया। व्यक्तिगत साक्षात्कार और अन्य राउंड के बाद शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को कंपनी के एचआर द्वारा कंपनी कार्यालय और उनकी परियोजनाओं की जानकारी दी। इस मौके पर सात विद्यार्थियों का चयन किया गया। कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल और मुख्य कार्यकारी अधिकारी डा. शल्या राज ने बधाई दी। संवाद

# News Paper Clipping Service

## Amar Ujala

**Date- 13 Jan 2023,** **Page No. City Page 5**

### सुभारती में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया 13/01/23




सुभारती विश्वविद्यालय में मौजूद अतिथि। संवाद

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के संस्कृति विभाग में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। स्वामी विवेकानंद शोध पीठ, महर्षि अरबिन्दों सुभारती कॉलेज एंड हॉस्पिटल ऑफ नेचुरोपैथी एंड यौगिक साइंसेज और पत्रकारिता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि कवि डॉ. ईश्वर चंद गंभीर, कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल, प्रतिकुलपति डॉ. अभय शंकरगौड़ा ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान प्रीति सिंह, डॉ. वैभव गोयल, डॉ. एससी, डॉ. मनोज कपिल, डॉ. संतोष शर्मा मौजूद रहे। संवाद

# News Paper Clipping Service

## Amar Ujala

**Date- 17 Jan 2023, Page No. City Page 6**

# संघमाता डॉ. मुक्ति भटनागर को दी श्रद्धांजलि

संवाद न्यूज एजेंसी




भजन संध्या में भजन प्रस्तुत करते गायक। संवाद

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के ललित कला संकाय के परफार्मिंग आर्ट्स की ओर से सुभारती ग्रुप की संस्थापिका संघमाता डॉ. मुक्ति भटनागर की 66वीं जयंती पर भजन संध्या कार्यक्रम आयोजित किया गया।

सुप्रसिद्ध गायिका तनुश्री कश्यप ने मुरली मनोहर कृष्ण कन्हैया भजन से संघमाता को श्रद्धांजलि दी। गायक मुकेश तिवारी ने राम हरे कृष्ण भजन सुनाया। ढूंढता है तू किसका सहारा, बीत गए दिन भजन बिना रे सुनाया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज ने बताया कि उनकी माता डॉ. मुक्ति भटनागर हमेशा रचनात्मक विचारों को प्रोत्साहित करती थीं। कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल ने कहा कि संघमाता ने हमेशा भारतीय कला एवं संस्कृति के संरक्षण और प्रोत्साहन पर बल दिया। प्राचार्य डॉ. पिंटू मिश्रा और विभागाध्यक्ष डॉ. भावना ग्रोवर ने बताया कि संघमाता संगीत नृत्य व चित्रकारी की अत्यंत ज्ञाता थीं। प्रति कुलपति डॉ. अभय शंकरगौड़ा, डॉ. विनीता निखिल, डॉ. आरके घई, डॉ. संतोष, डॉ. नेहा, डॉ. विधि खंडेलवाल आदि मौजूद रहीं।

# आधारशिला लैब छात्रों के लिए उपयोगी



सुभारती आधारशिला लैब का उद्घाटन करते अतिथि। संवाद

मेरठ। घाट गांव में सुभारती विश्वविद्यालय के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में सोमवार को प्राइमरी स्कूल के बच्चों के लिए विज्ञान प्रयोगशाला सुभारती आधारशिला लैब की स्थापना की गई। लैब का लोकार्पण मुख्य अतिथि बागपत सांसद डॉ. सत्यपाल सिंह, उनकी पत्नी और ग्रुप के संस्थापक डॉ. अतुल कृष्ण ने फीता काट कर किया। सांसद ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा को सर्वसुलभ बनाने की दिशा में सुभारती आधारशिला लैब बहुत उपयोगी साबित होगी। ग्रुप संस्थापक डॉ. अतुल कृष्ण ने कहा कि सुभारती ग्रुप समाज के हर व्यक्ति को मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य कर रहा है। मुख्य संयोजक डॉ. विवेक कुमार ने बताया कि सुभारती आधारशिला लैब में खगोल, शरीर रचना एवं भौतिक पाठ्यक्रमों से जुड़े उपकरण मौजूद हैं। पूर्व ग्राम प्रधान रामेश्वर, रजिंद्रा, मनोज शर्मा, बिजेंद्र प्रमुख, जितेंद्र सतवाई, मनिंदर पाल, कपिल शर्मा, अनिल दबथुआ आदि मौजूद रहे। संवाद

# News Paper Clipping Service

## Amar Ujala

**Date- 18 Jan 2023, Page No. City Page 5**

18/01/23

# संघमाता डॉ. मुक्ति भटनागर के जन्मोत्सव पर हुआ कार्यक्रम

संवाद न्यूज एजेंसी



सुभारती विवि में संघमाता संग्रहालय का उद्घाटन करते हुए। संवाद

मेरठ। सुभारती मेडिकल कॉलेज के मेडिसन विभाग में सुभारती ग्रुप की संस्थापिका संघमाता डॉ. मुक्ति भटनागर संग्रहालय का उद्घाटन हुआ मंगलवार को डॉ. मुक्ति भटनागर का जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर रानी लक्ष्मीबाई सभागार में मेडिसन अपडेट 2023 विषय पर सीएमई का आयोजन हुआ।

संघमाता संग्रहालय का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. आरके अरन ने किया। संग्रहालय में डॉ. मुक्ति भटनागर द्वारा चिकित्सा के क्षेत्र में किए गए कार्य, शोध, चित्रकारी और उनके जीवन से जुड़ी प्रेरणादायक वस्तुओं को स्थापित किया गया। ग्रुप के संस्थापक डॉ. अतुल कृष्ण ने कहा कि संघमाता डॉ. मुक्ति भटनागर सफल चिकित्सक होने के साथ समाज को समर्पित व्यक्तित्व थीं। उन्होंने मानवता के कल्याण के लिए ही कार्य किया।

कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल ने कहा कि संघमाता संग्रहालय विद्यार्थियों सहित सभी के लिए प्रेरणा स्रोत बनेगा। मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज ने संघमाता से जुड़ी महत्वपूर्ण यादों के बारे में बताया कि वह प्रकृति प्रेमी होने के साथ अभिभावक के रूप में लोगों की मदद करती थी। सीएमई में डॉ. संदीप ग्रोवर, डॉ. राजीव अग्रवाल, डॉ. संदीप गर्ग ने रीनल ट्रांसप्लांट, डा. अरुण शर्मा ने न्यूरोलॉजिकल मामले के लिए दृष्टिकोण और डॉ. वीरोत्तम तोमर ने सीओपीडी में कॉम्बिनेशन थेरेपी का प्रस्तुतिकरण दिया। अंत में पोस्ट ग्रेजुएट मेडिसिन पीजी क्विज का आयोजन किया गया। सुभारती अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एचएस मिन्हास, उप चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कृष्णा मूर्ति, उप प्रधानाचार्य डॉ. सत्यम खरे, डॉ. सौरभ सिंघल, डॉ. एसके झा, डॉ. अमित कुमार, डॉ. अपूर्व प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

# *News Paper Clipping Service*

## Hindustan

**Date- 22 Jan 2023, Page No. 5**

22/01/23 (8)

### छात्रों को चयन प्रक्रिया की जानकारी दी




मेरठ। सुभारती विवि के प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट विभाग द्वारा ट्यूरिंग माइंड्स का ऑन कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। निदेशक अमित वर्मा के अनुसार कंपनी प्रतिनिधियों ने चयन प्रक्रिया समझाई। कंपनी ने चार छात्र चयनित किए। कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल ने कहा कि विवि रोजगारपरक कोर्स संचालित कर रहा है। कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज ने कहा कि विवि छात्रों को रोजगार के अवसर प्रदान करने को प्रतिबद्ध है।

# *News Paper Clipping Service*

## Amar Ujala

**Date- 22 Jan 2023,** **Page No. City Page 5**

mycity

न्यूज कैप्सूल

22/01/23

### सुभारती के चार विद्यार्थियों का चयन



सुभारती विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यशाला में शामिल शिक्षक। संवाद

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट विभाग द्वारा प्लेसमेंट कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ट्यूरिंग माइंड्स कंपनी ने विवि के चार विद्यार्थियों का चयन किया। सर्वप्रथम प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट विभाग के निदेशक अमित कुमार वर्मा ने कंपनी के अधिकारियों का पौधा भेंट कर स्वागत किया। इसके बाद कंपनी के अधिकारियों ने विद्यार्थियों को चयन प्रक्रिया के बारे बताया। कंपनी द्वारा मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद विद्यार्थियों का चयन किया गया। कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। संवाद

# News Paper Clipping Service

## Amar Ujala

**Date- 23 Jan 2023,** **Page No. City Page 5**

# पुरातन विद्यार्थी समागम के जरिए एक-दूसरे से जुड़ते हैं विद्यार्थी




सुभारती विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग में हुए समागम में शामिल विद्यार्थी। संवाद

मेरठ। सुभारती विवि के गणेश शंकर विद्यार्थी सुभारती पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में रविवार को पुरातन विद्यार्थी समागम कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. सुभाष चंद्र थलेड़ी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस शोधपीठ के अध्यक्ष डॉ. देशराज सिंह, विभाग की सहआचार्य एवं कार्यक्रम संयोजिका डॉ. गुंजन शर्मा, अकादमिक समन्वयक प्रीति सिंह, विजय सैनी ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

विभागाध्यक्ष डॉ. एससी थलेड़ी ने कहा कि पुरातन विद्यार्थियों को कभी भी यह नहीं सोचना चाहिए कि अब विभाग से उनका कोई नाता नहीं रहा। यह विभाग पहले भी उनका था और हमेशा उनके लिए यहां एक विशेष स्थान रहेगा। पुरातन विद्यार्थी समागम वर्तमान एवं पुरातन छात्रों के बीच संपर्क की एक कड़ी होता है। इसके जरिए विद्यार्थी एक दूसरे से जुड़ पाते हैं और भविष्य में एक दूसरे के सहायक भी बनते हैं। डॉ. देशराज सिंह ने कहा कि पुरातन और वर्तमान विद्यार्थियों के मिलन का समय एक मधुरिम मिलन की बेला होती है। इस दौरान डॉ. सिंह ने कविता पाठ भी किया। संयोजिका डॉ. गुंजन शर्मा ने विद्यार्थियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। पुरातन विद्यार्थियों में हर्षित चौधरी, विशाल, स्वाति कुमारी, साक्षी वर्मा, आरजे वंशिका सैनी, शुभम मिश्रा, चिराग कंसल आदि मौजूद रहे। संचालन बीजेएमसी द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों अमन शर्मा एवं रुपल रोशवाल ने किया। संवाद

# News Paper Clipping Service

## Amar Ujala

**Date- 24 Jan 2023, Page No. City Page 6**

24/01/23 (6)

### सुभारती में नेताजी को याद किया




नेताजी की जयंती पर विचार रखते अतिथि। संवाद

मेरठ। सुभारती विवि में नेताजी सुभाष चंद्रबोस की 126वीं जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाई गई। ग्रुप के संस्थापक डॉ. अतुल कृष्ण के नेतृत्व में सुभारती परिवार के सभी सदस्यों ने जय हिंद लिखकर नेताजी को नमन किया। संस्कृत विभाग के निदेशक डा. विवेक कुमार, भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अंकुर कुशवाह, अवनीश चपराना, अभिषेक संघी, शुभम गुप्ता उपस्थित रहे। दूसरा सत्र सुभारती लॉ कॉलेज के प्रांगण में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश राज्य सूचना आयुक्त सुभाष चन्द्र सिंह एवं सुभारती ग्रुप के संस्थापक डॉ अतुल कृष्ण ने आजाद हिन्द का ध्वजारोहण किया। प्रतिकुलपति डॉ. अभय शंकरगौड़ा, कुलसचिव डीके सक्सैना, अतिरिक्त कुलसचिव सैयद जफर हुसैन आदि मौजूद रहे। ब्यूरो

# News Paper Clipping Service

## Amar Ujala

**Date- 28 Jan 2023,** **Page No. City Page 6**



सुभारती में आयोजित कार्यक्रम में शामिल डॉ शल्या राज और अन्य। संवाद

### सुभारती में धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस

28/01/23 (6)

स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के सरदार पटेल सुभारती लॉ कॉलेज में गणतंत्र दिवस मनाया गया। विश्वविद्यालय की 70 यूपी एनसीसी बटालियन के जवानों ने मुख्य अतिथि आईएएस ओजस्वी राज को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। कुलपति मेजर जनरल डा. जीके थपलियाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी डा. शल्या राज ने ध्वजारोहण किया। मोहन किनौनी, प्राचार्य डा. मनोज कपिल, डा. एससी थलेडी, डा. विवेक कुमार, गौरव चौधरी, काजू शर्मा, नवाजिश अली, प्रतिकुलपति डॉ. अभय शंकरगौड़ा मौजूद रहे।